सकारात्मक- सूचनात्मक उपयोगी समाचार

डाक पंजीकरण संख्या–मेरठ–153–2022–2024

RNI No. UPHIN/2009/31760

प्रथम प्रकाशन 2 अक्टूबर 1981

हिन्दी साप्ताहिक

# श्रम शिखर

केन्द्र सरकार, राज्य सरकार उत्तर प्रदेश, विद्युत विभाग से विज्ञापनों हेतु स्वीकृत

आनंद रामायण
YouTube Channel
@Shram Shikhar
@Sadbhavna Waves
WATCH SHARE & SUBSCRIBE
ऑनलाइन/ऑफलाइन कार्यक्रम कवरेज लाईव/ रिकॉर्डिंग उपलब्ध है।
M. 9219660359

श्रीकृष्णा भवन ( गली अपोजिट शिवलोक कॉम्पलैक्स) 283, वैस्टर्न कचहरी मार्ग, मेरठ। फोन: 0121-2641338 E-mail : shramshikhar@gmail.com

वर्ष 16 | अंक 40 | 30 सितम्बर सोमवार से 06 अक्टूबर रविवार 2024 तक | पृष्ठ 04 | मूल्य 8रु/-

**शासन-प्रशासन जानकारियां**

## जिला अग्रणी केनरा बैंक द्वारा आई.आई.ए. भवन, मोहकमपुर मे किया गया ऋण मेले का आयोजन



आज जिला अग्रणी केनरा बैंक द्वारा आई.आई.ए. भवन मोहकमपुर मेरठ मे ऋण मेले का आयोजन किया गया जिसमे जनपद मेरठ के 12 सरकारी बैंक एवं गैर सरकारी बैंको (केनरा बैंक,स्टेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, बैंक आफ बडोदा, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, पंजाब एंड सिन्ध बैंक, इंडियन बैंक यूनियन बैंक, सर्व यूपी ग्रामीण बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, ऐक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक) ने संयुक्त रूप से ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का उद्देश्य आत्मनिर्भर भारत के निर्माण हेतु मेरठ जनपद के युवाओ को ऋण प्रदान करना था। सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि मा० सांसद श्री अरुण चन्द्र प्रकाश गोविल द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। तदोपरान्त मुख्य अतिथि महोदय का क्षेत्रीय प्रबंधक, केनरा बैंक एवं मुख्य विकास अधिकारी नूपुर गोयल द्वारा पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया, इसी क्रम मे अन्य अतिथियों का स्वागत भी पुष्पगुच्छ देकर किया गया।

मुख्य अतिथि ने अपने सम्बोधन मे कहा कि जनपद को सबल बनाने के लिए ऋण वितरण का काम सभी बैंको से हो रहा है आज के इस कार्यक्रम का उद्देशय ग्रामीण क्षेत्रो मे ऊद्यमों को बढ़ावा देना एवं व्यवसायिक सहायता प्रदान करना है। उन्होने अपने सम्बोधन मे सरकारी अधिकारियों एवं सभी बैंक अधिकारियों की सराहना करते हुये कहा कि इतने कम समय मे ऋण मेले का सफल आयोजन करना काबिले तारीफ है। उन्होने सभी लाभार्थियो को बताया कि सभी बैंको से ऋण लेकर उस ऋण की समय से चुकाना भी आवश्यक है।

मुख्य विकास अधिकारी नूपुर गोयल ने कहा कि नंदनी कृषक योजना के तहत रू० 62 लाख का ऋण, एनआरएलएम योजना के अंतर्गत गठित 110 एस एच जी ग्रुपो को रूपये 1 करोड़ 65 लाख के सीसीएल स्वीकृत किये गये जिसमें से 20 ग्रुप को ऋण मेले मे चेक वितरित किये गये। अग्रणी जिला मुख्य प्रबन्धक, केनरा बैंक सुशील कुमार मजूमदार ने बताया कि ऋण मेला अवधि मे 2819 लाभार्थियो को 205 करोड़ की धनराशि का ऋण वितरण किया गया। सभास्थल से मा० सांसद महोदय द्वारा 70 लाभार्थियो को रू० 50 करोड़ धनराशि के चौक वितरित किये गये, साथ ही एनआरएलएम की तरफ से एसएचजी ग्रुपो को 8 करोड़ रूपये की धनराशि का आर.ए.फ का चेक भी वितरित किया गया साथ ही कहा कि पीएमईजीपी, ओडीओपी, पीएमएसवाई जैसी योजनाओ मे भी जिला उद्योग केंद्र से बैकां द्वारा रू० 3.5 करोड़ के ऋण वितरित किये गये। जनपद मेरठ की प्रगति से अवगत कराते हुये उन्होने जनपद की अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए समय-समय पर इस तरह के कार्यक्रम आयोजन किये जाने की बात कही ताकि समाज के विकास मे हम सभी भागीदार हो सके। मेले मे केनरा बैंक, स्टेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, बैंक आफ बदोड़ा, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया , पंजाब एंड सिन्ध बैंक, इंडियन बैंक, यूनियन बैंक, सर्व यूपी ग्रामीण बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, ऐक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक ने ऋण स्वीकृति पत्र दिये। कार्यक्रम के अंत मे जिला विकास प्रबन्धक, नाबार्ड सुश्री भावना जैन ने सभी सम्मानित अतिथियो का धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम मे श्री दिव्य लोचन सवार, क्षेत्रीय प्रबंधक, केनरा बैंक, श्री विवेक सुकिशन निदेशक, आर,सेटी, मेरठ, रविकान्त अंगरीश, अग्रणी लीड बैंक, वरिष्ठ प्रबंधक, श्री अनुज गुप्ता आई.आई.ए. चेयरमैन, उपायुक्त उद्योग दीपेन्द्र, उपायुक्त एनआरएलएम ए के मिश्रा, जिला विकास अधिकारी अम्बरीष आदि उपस्थित रहे।

– श्रम शिखर ब्यूरो

## हस्तिनापुर से सीधे पहुंचेंगे दिल्ली–नोएडा, रात 10 बजे तक हर आधा घंटे में मिलेगी बस किराया भी ज्यादा नहीं

हस्तिनापुर से नोएडा और दिल्ली के लिए बस सेवा शुरू होने जा रही है जिसका ट्रायल शुरू हो गया है। मेरठ डिपो के प्रभारी देवेंद्र भारद्वाज ने बताया कि हस्तिनापुर से वाया भैंसाली डिपो होते हुए बसें नोएडा जाएंगी। नोएडा के लिए 10 और दिल्ली के लिए चार बसें चलाए जाने की संस्तुति की गई है।

- 178 रुपये होगा हस्तिनापुर से नोएडा का किराया
- कश्मीरी गेट के लिए देने होंगे 184 रुपये

जैन धर्म के प्रसिद्ध तीर्थ जम्बूद्वीप हस्तिनापुर से नोएडा व दिल्ली के लिए बस सेवा का ट्रायल शुरू हो गया है। कश्मीरी गेट आइएसबीटी के लिए चार बसें चलाई जाएंगी। हस्तिनापुर से सुबह सात बजे से बसों की सेवा आरंभ हो जाएगी। सुबह 10 बजे तक हर आधा घंटे में बसें मिलेंगी।

– श्रम शिखर ब्यूरो




Print | Outdoor | Electronic | Signage | Film | Event | Magazine | Digital Media | Media International | Awareness Program | All News Paper

R- Reliable R-Reas on able

RR ADVERTISING SERVICES

Estd. 1979

Ph. 0121-2641338, 9412203620, 9219660360 | Email- rradvertisingmeerut@gmail.com



# सम्पादकीय

## उ.प्र. में संविदा पर 20 हजार की भर्ती का एलान

### संविदा निधि निविदित कार्मिको के भी यूपीएस का लाभ मिलें

उ०प्र० मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ द्वारा प्रदेश में रोजगार सरकारी नौकरी की मांग के सन्दर्भ में २० हजार कर्मिको की भर्ती करने का एलान किया हैं यह भर्तिया उ०प्र० किया है। यह भर्तिया उ०प्र० रोड़वेज में बस कंडक्टर के रूप में १० हजार व जिलों में को-लोकेटेड आंगनबाडी केन्द्र से युवा १०,६८४ विधायको में एक एक वाल्सा व्यवस्था की देखभाल व शिक्षा है। एजुकेटर (ई सी सीई) रखे जायेगें। यह सभी भर्तियां संविदा पर होगी।

को-लोकेटेड विधायको में ई.सी.सीई एजुकेटर की भर्ती ग्यारह माह के लिए होगी। यह आउट सोर्सिंग से होगी व इन्हें मानदेय रूप में १०,३१३ रूपये मानदेय देने की बात की गई है। ई सी सीई स्कूल प्रधानाध्यापक के निर्देश में कार्य करेगें इनका तीन से छ: वर्ष का बच्चों को औपचारिक शिक्षा के लिए तैयार करना होगा। सम्भवत: यह प्री-नर्सरी का स्वरूप होगा। मुख्यमंत्री की इस घोषणा को विपक्ष के नेता सरकार के रोजगार प्रदान करने के अपने दायित्व के साथ छलाव कह रहे है। इनका कहना है कि समूह ग व घ स्तर ही नही अब तो इससे उच्च स्तर पर नियमिता नौकरी व देकर संविदा रह भी आउटसोर्सिंग से भर्ती या अनुबन्ध पर कार्य पर रखने की च्यवस्था एक सीमित समय के लिए किसी कार्य या प्रोजेक्ट के लिए बनी हुई है।

अफसोस ग्यारह-ग्यारह माह के लिए विज्ञापन द्वारा आउटसोर्सिंग से भर्ती में जहां कामगारों को कम पगार व अन्य देय सुविधा न देकर नियमित कामगार के कार्य के बराबर से अधिक कार्य लिया जाता है। नियमित कार्मिक को प्रति वर्ष महंगाई व अन्य सुविधा के व्यय वारिष्ठ नागरिक स्थिति में सेवानिवृत्ति लाभ से यह संविदा निविदा पर कार्य करे वाले वंचित रहते है। प्रतिभा के साथ भविष्य के प्रति अनिश्चित के संविदा-निविदा की सरकारी स्तर पर व्यवस्था ने भष्टाचारा एंव शोषण की कार्य संस्कृति को बढ़ावा दिया हुआ है। अखिल भारतीय लोकाधिकार संगठन का कहना है। कि सरकार केन्द्र की हो या राज्य सरकार संविदा व निविदा पर कार्य लेने वालों के भविष्य को भी नियमित अपने कार्मिको की भाति सुनिश्चित करें। एकीकृत पेंशन योजना का लाभ संविदा-निविदा पर सरकारी, अर्द्ध सरकारी व सार्वजनिक निगमों में काम करने वालों को भी यह लाभ देने की व्यवस्था बनाने की भारत व राज्य सरकारों की मांग की है

– श्रम शिखर ब्यूरो


शुभ दिवाली 2024

अपने परिवार की लक्ष्मी माँ एवं रामलला के साथ आपका आनन्द अनुभव प्रतिभा प्रदर्शन, अपना परिचय, फैन्सी ड्रेस, गाना की फोटो/वीडियों भेजें सभी आयुवर्ग में, सहयोग राशि- 2000/- ऑफर इच्छानुसार पायें सम्मान पत्र, सदस्यता और भी कुछ विशेष,

सद्भावना समिति (पंजी०) वात्सलय कार्यक्रम

नीति आयोग,CSR, 10A, 80G, MSME, में पंजीकृत, पूरे उ०प्र० में कार्यरत

स्वंय सेवक, प्रमोटर चाहिए बायोडाटा, फोटो भेजें - 9219660360

विवरण श्रम शिखर में प्रकाशित एवं यूट्यूब चैनल पर प्रसारित होगा।

9219660359, 9675834737

sadbhavnasamitimeerut@gmail.com

sadbhavnasamiti.in Sadbhvna Waves


हैल्थ-वैल्थ

एकलव्य भव्यधारा से प्रेरित

## अपने गुरु आप बनें, स्वंम स्वास्थ्य अभियान

आप समाज के विकास की चर्चा करते है, तो यह अनुभव में आता है कि समाज का स्तर विचारणीय है। समाज जन-जन से मिलकर बनता है अत: जन-जन के साथ इस विषय पर कार्य करना है। स्वास्थ्य, शांति, समृद्धि, शिक्षा, अध्यात्म, आदि जीवन यात्रा सम्बन्धित शैली एवं भावों को होशपूर्वक जिन्दगी के अर्थ, प्रयोजन के साथ, गहराई और ऊंचाई को पकड़ लें। इसी से जिन्दगी का सत्य हाथ में पाकर आनन्द पा सकते है। विभिन्न क्षेत्रों के अनुभवी अन्यों को प्रेषित करेंगे। सीखों-सीखाओं के आधार पर हम आप मिलकर इस श्रृंख्ला को आगे बढायेंगे, चलायेंगे।

**किडनी, हार्ट, वबासीर, जोडो के दर्द, लीवर, कैंसर, मधुमेह रक्तचाप, कमर, घुटनें, डिस्क, सर्वाइकल, मोटापन, दुबलापन एसीडीटी, कब्ज, डिप्रैशन, अनिन्द्रा, इनफर्टिलिटी, हर्निया, प्रोस्टेट, अस्थमा, आदि रोगों का समाधान अपने डॉक्टर/वैध से कारण समझ और आयुर्वेद, प्राकृतिक, पंचकर्म, आहार, दिनचर्या के प्रयोग स्वमं कर नये-नये अनुभव से अपने व समाज के विकास आनन्द में सहभागी बनिये**



**◇ आंखो के रोगों में राहत**

सफेद मोतिया(कैटरेक्ट), काला मोतिया(ग्लूकोमा) चश्मा लगानानजर कम होना, अन्धापन इत्यादि तकलीफों में अक्षि (नेत्र)तर्पण सहायक है।



**◇ घुटने के रोगों में राहत**

घुटने दर्द, लिगामेंट इंजरी(ACL), Osteoarthritis, सायनोवियल फ्लूड की कमी घुटनों में गैप सूजन में जानू वस्ति काम करती है।



**◇ दिमाग के रोगों में राहत**

सिर दर्द, माइग्रेन, डिप्रेशन, तनाव, अनिद्रा, वात सन्तुलन, नसों को आराम पहुचांने, नसों को शक्ति व ठहरे हुए भाव निकालने के लिए शिरोधारा सहायक



**◇ हृदय के सभी रोगों में राहत**

सीने में दर्द, इजेक्शन-फ्रैक्शन में कमी, आर्टीज, नाडियों में ब्लॉकेज, हार्ट कमजोर होना, साँस फूलना या हॉफनां हार्ट अटैक आदि में हृदय वस्ति सहायक है।



**◇ कैंसर के रोगों में राहत**

ब्रैस्ट कैंसर, मुँह व गले का कैंसर, ट्यूमर, दाद, रसौली त्वचा रोग, फोड़े , मुंहासे, एक्जिमा, अल्सर, गाउट लीवर रोग व लीच थेरेपी सहायक है।



**◇ रीढ की हड्डी के रोगों में राहत**

गर्दन दर्द, सर्वाइकल, कमर दर्द, स्पाइन में कम्प्रेशन, डिस्क बल्ज, रीढ की हड्डी में गैप, न्यरोलॉजिकल व सभी तकलीफो में पृष्ठ वस्ति सहायक है।

**हमारा प्रयास है, ऑफलाइन, ऑनलाइन घर पर सेवायें उपलब्ध करायें पंजीकरण करायें-स्वयं स्वास्थ्य अभियान**

शान्तिपल **चैरिटेबल चिकित्सा केन्द्र**

**स्वास्थ्य कार्यक्रम**

डा० शरद मित्थल 9259181149

डा० पूजा जैन 9411685775

डा० सीमा वैश्य 8449345555

पूर्व समय निर्धारित कर मिलें

- शारीरिक
- वैचारिक
- फिजिशियन
- एक्यूप्रैशन
- डेंटिस्ट
- मानसिक
- प्राकृतिक
- मैडिटैशन
- आहार
- अन्य

सद्भावना समिति (पंजी०) 19, विक्टोरिया पार्क, जेल चुंगी, मेरठ- मो0- 0121-2641338, 9219660359


सकारात्मक-सूचनात्मक उपयोगी समाचार प्रथम प्रकाशन 2 अक्टूबर 1981

E-Paper :shramshikhar.com

केन्द्र सरकार, राज्य सरकार, उत्तर प्रदेश विद्युत विभाग एवं भारतीय रेलवे से विज्ञापनों हेतु स्वीकृत डाक- पंजीकरण संख्या-मेरठ 153.2022.2024 RNI No.UPHIN /2009/31760

साप्ताहिक अखबार श्रम शिखर श्रीकृष्ण भवन (लेन अपोजिट शिव लोक कॉम्पलैक्स), 283/1, वैस्टर्न कचहरी रोड, मेरठ, मो0 9219660359

प्रधान सम्पादक : सुनीता रानी 9897373736

प्रबन्धक : राकेश गुप्ता 9219660359

बिक्री प्रबन्धक : अश्विनी गुप्ता 9358402365

इंटरनेट प्रबन्धक : मेघा अग्रवाल 9219660359

संरक्षक : ब्रज भूषण 9457213164

कानूनी सलाहकार : दिनेश कुमार चतुर्वेदी एडवोकेट :0121-2760145, 9720171549

मार्केटिंग टीम : 9219660359, 9411990449,

वरिष्ठ नागरिक संयोजक श्री सुदेश चन्द्र शर्मा पुत्र पं0 होराम शर्मा 245 खारी कुंआ कोतवाली मेरठ, 8630180430

उ0प्र0 ब्यूरोचीफ : अभिलाष गुप्ता 9412203620 प्रभारी दिल्ली एवं महाराष्ट्र : मंजरी गुप्ता, 42 अनामिका अपार्टमेन्ट इन्द्रप्रस्थ विस्तार पटपड़गंज, नई दिल्ली-92 202, बाहर बिल्डिंग, दूरदर्शन हाउसिंग सोसाइटी, गोकुल धाम, अंधेरी ईस्ट, मुम्बई-63

**श्रमशिखर कार्यालय**

मेरठ-श्रीकृष्ण भवन,283, वैस्टर्न कचहरी रोड, मेरठ। (0121-2641338) सद्भावना 68ए सांईपुरम, दिल्ली रोड, मेरठ। (9219660359), उत्तराखण्ड - श्री राजेश कुमार गुप्ता, श्री ओम वैष्णव भोजनालय, 78 गांधी रोड, देहरादून (9411548998), गाजियाबाद-(09540018282), अमित कुमार, 705 सी टॉवर, सातवां तल, जी0एच0 1/1, सैक्टर 01, ग्रीन एक्सप्रेस, वैशाली गाजियाबाद,उ0प्र0 09560115905) दिल्ली-राखी मित्तल-एफ-1, त्रवेणी कॉम्पलेक्स शेख सराय फेस-1, न्यू दिल्ली-110017 मो0 9868511922 हरियाणा- राखी मित्तल, रीचमण्ड पार्क डीएलएफ, फेस-4, गुडगांव हरियाणा। मो0 9868511922 मुजफ्फरनगर-विजय बुक स्टोर, मेन रोड, गांधी कॉलोनी, मुजफ्फरनगर। फोन: 9897185208, 9152911899 दिल्ली- Ankit Sisodia GF - 89, Kailash Hills, East of Kailash, New Delhi-110065 श्रीमती रंजीता गर्ग, बी-120, शॉप नं.5,पांडव नगर दिल्ली मो. 9911808555 लखनऊ- अजय श्रीवास्तव, 3/20,विकास नगर लखनऊ फोन9335208218, मुम्बई-अचल गुप्ता, बी- 1603 सनटैक सिटी, गोरेगांव वेस्ट मुम्बई मो.20939916, सरधना-महेश गुप्ता, न्यूज पेपर एजेन्ट मौहल्ला -गुजरान,सरधना, मेरठ। श्रीमति नेहा गोयल फ्लैट नं0 1207 गोमेड ब्लॉक ''माई होम जैवल'' मदीनागुड़ा हैदराबाद 500049

डाक पंजीकरण संख्या-मेरठ

153-2022-2024 RNI No. UPHIN/2009/31760

मालिक, प्रकाशक, मीना भूषण ने मुद्रक प्रिटिंग - इम्प्रेशन्स प्रिटिंग - पैकेजिंग लिमिटेड, 164/1, मोहकमपुर, दिल्ली रोड़, मेरठ- 250002 से मुद्रित कराकर श्रीकृष्ण भवन, गली अपोजिट शिवलोक कॉम्पलैक्स, 283, वैस्टर्न कचहरी रोड मेरठ से प्रकाशित किया।

सम्पादक: सुनिता रानी

प्रबन्धक: राकेश गुप्ता

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों एवं लेख के चयन एवं सपांदन हेतु जी. आर.वी. एक्ट के अर्न्तगत उत्तर दायी समस्त विवाद मेरठ न्यायालय के अधीन ही होगें।



इच्छाओं और जरूरतों का समाधान

हिन्दी साप्ताहिक श्रम शिखर CITY MEERUT CLASSIFIED

www.shramshikhar.in, shramshikhar@gmail.com



MATRIMONAL

वैवाहिक परिचय:- वैवाहिक विज्ञापन में कार्य समूह और आर. एच. फैक्टर जांच कराकर प्रकाशित करायें। यह जन्मपत्री के साथ विज्ञानिक दृष्टि से महत्वपूर्ण मिलान है आवश्यकता/उपलब्धता




# ओशो– ध्यान में होने वाले अनुभव !
# अंधेरे से भरी जिंदगी में अगर क्षणभर को भीतर रौशनी

यही क्या कम है ? इस अंधेरे से भरी जिंदगी में अगर क्षणभर को भीतर रौशनी हो जाती है , कोई कम चमत्कार है ? क्योंकि वहां न तो बिजली का कोई कनेक्शन है , न वहां कोई ईंधन है , न वहा कोई तेल है ।

बिन बाती बिन तेल ! यह रोशनी चमत्कार है ।

जहां सदा से अन्धकार पड़ा रहा है , वहां अचानक ज्योति उठ आती है कृयह चमत्कार है । प्रभु की अनुकंपा हो रही है ।

धन्यवाद करो ! धन्यवाद से और अनुकंपा बढ़ेगी ।

इस बात का सदा ख्याल में रखो : जितना तुम्हारा धन्यवाद गहरा होगा , उतनी ही तुम्हारी उपलब्धि बढ़ती चली जायेगी ।

क्योकि जो छोटी भेटे आती है , अगर उसको इंकार कर दिया तो बड़ी भेटे फिर नही आएगी । क्योकि तुम पात्र ही सिद्ध न हुए । तुम समझे ही नही । परमात्मा ने तुम्हारी तरफ डोरे फेकने फेकने शुरू किये है । आंनदित होओ !

नाच उठो ! मगन हो जाओ कि मुझ अपात्र को इतना भी हुआ , यही क्या कम है ! होना तो यह भी नही चाहिए था मगर फिर भी हुआ , तो उसकी अनुकंपा से हुआ होगा , मेरी पात्रता से नही ।

झुको ! उसके चरणों में सिर रख दो , और तब तुम पाओगे कि कुछ और होने लगा ।

धीरे दृ धीरे पहले शुक्ष्म ऐंद्रिक अनुभव होते है । अतीन्द्रिय अनुभव होने के पूर्व य तीन तरह के अनुभव है जगत में कृ– स्थूल ऐंद्रिक अनुभव ३.. तुमने एक सुंदर फूल को खिला देखा –उसकी सुवास तुम्हारे नासापुटों में भर गयी क्षण भर को सुख मालुम हुआ ।

तुमने चांद को आकाश में देखा , शीतल चांदनी तुम्हे नहा गयी तुम चांदनी में नहाकर प्रफुल्लित हो उठे , ताजे हो उठे , ठगे रह गये ।

चांद का सौंदर्य तुम्हे घेर लिया, स्पर्श किया । एक तरह का सुख मिला ये ऐंद्रिक सुख है । फिर दूसरे सुख होते है : सूक्ष्म ऐंद्रिक अनुभव आज्ञा चक्र में रौशनी हो गयीकृ इसका बाहर से कोई संबंध नही है , इसका भीतर से भी अभी कोई संबंध नही है । ये दोनों के मध्य के अनुभव है लेकिन सूचक है कि भीतर चलने लगे जैसे पांच इंद्रियां स्थूल अनुभव लाती है , वैसे ही पांच तरह के शुक्ष्म अनुभव होते है । कभी तुम अचानक पाओगे कि भीतर अकारण ही सुवास हो गयी , जैसे हजारो फूल खिल गये हो ! तुम भरोसा ही नही कर पाओगे ।

चौकर देखोगे: कही कोई बाहर गंध नही , और भीतर गंध ही गंध है ! ऐसी गंध जैसे तुमने कभी नही जानी !तुम्हारे भीतर का कस्तूरी का नाफा जैसे टूट गया ! कभी भीतर संगीत उठेगा , नाद उठेगा । अपूर्व संगीत तुम्हे भर लेगा ! लयबद्ध हो जाओगे ! और बाहर कुछ भी नही है ।

बाहर का संगीत सब फीका हो जाएगा जब भीतर का नाद उठेगा ! बाहर की रोशनी अंधेरे जैसी मालुम पड़ेगी जब भीतर की रोशनी का अनुभव होने लगेगा , मगर अभी यह मध्य की है , यह सूचक है : अब घर में जा सकते हो । जब पांचों इंद्रियों के अनुभव , शुक्ष्म अनुभव , तुम्हारे जीवन में प्रगट हो जाएंगे , एक दिन अचानक पाओगे कि स्वाद आ रहा है कृ–ऐसा स्वाद जैसा तुमने कभी नही जाना ! उस दिन रसना का नया अर्थ प्रगट होगा जब ये अनुभव गहन हो जाएंगे , तब एक दिन तुम अतीन्द्रिय अनुभव में उतरोगे ।

स्थूल इंद्रिय से शुक्ष्म इंद्रिय , शुक्ष्म इंद्रिय से अतीन्द्रिय ।

जब अतीन्द्रिय अनुभव होगा , तभी तुम्हारे हृदय में होगा : हां , अब हुआ !परम् तृप्ति हो जाती है ।

''' झुक आयी बदरिया सावन की
''' भगवान श्री रजनीश

# हमारे बुजुर्ग-हमारी सम्पदा
## (मार्ग -दर्शक हमारे वरिष्ठ नागरिक)


वरिष्ठ नागरिक परिचय पुष्प है जिसकी सुगंध से समाज को उनके अनुभवों द्वारा लाभन्वित किया जा सकता हैं। क्योकि प्रत्येक वरिष्ठ नागरिक एक स्वयं संस्थान है । जिसके द्वारा युवा पीढ़ी मार्गदर्शन प्राप्त कर विकास के पथ पर अग्रसर होगी।वरिष्ठ नागरिक फोरम सद्भावनाा समिति मेरठ का मिशन है। कि मेरठ के सभी वरिष्ठ नागरिकों की रचनात्मकता का सदुपयोग हो इसके लिए प्रत्येक वरिष्ठ नागरिक का परिचय पत्र बनायें जायेगा तथा प्रत्येक वरिष्ठ नागरिक को श्रम शिखर समाचार पत्र की वर्षिक सदस्यता प्रदान की जायेगी जिससे वे अपने अनुभव, रचनाएं (कविता, कहानी, लेख आदि)
श्रम शिखर में प्रकाशन हेतू भेज सके।

# समय का परिवर्तन... (लेख)

समय का परिवर्तन बड़ा शाक्तिमान होता है चाहे जो भी प्रयास कर लो, परिवर्तनत लाना हैं बड़ा असाध्य। बच्चों, जवानों और वृद्धा को समझना हैं असाध्य। प्रभाव संस्कृति का हैं बड़ा अग्नि है, कहते रहो, चाहे जितना भी समझओं नही समझता है कोई सब अपने–अपने में रहते है मस्त अच्छा–बुरा क्या होता है नही ज्ञान है किसी कसे भी कोई । जब जीवन में कुछ घट जाता हैं बस–तभी याद आता है सब कुछ। बड़–बड़ कर बोलना, शिक्षा देना औरो को समझते है। जीवन में हर कोई, क्या ऐसे इंसानो को कहेगें। हम ज्ञानी नही छोटी–छोटी बातों को समझना और उन पर अमल करना, सीख लेना है। योग्यता कहलाती है। ज्ञान की बातें करने वाले के पास नही बैठते अज्ञानी। मैं ही, हूँ सबकुछ अहम मैं आ जाते है। बस–इस युग में चुप रहो और देखते रहो बस इतना ही है काफी। जीवन बिताना है तो मौन की परिभाषा से काम चलाओं इस मौन में ही मिलेगी। शान्ति, जीवन कट जायेगा। शान्ति से और क्या कह जो देख रही हूँ। लिख दिया मैनें समय आने पर ही बुद्धि शायद आ जाये। मेरा यह लेख बिरलें ही लोगों को मन भायेगा। दुख दूसरों का वैभव अपनी हैसियत भूल जाते है। जो, दुखी रहते है। जीवन में अपने, उनको जीवन दुखी और चिन्तित ही रहता है। सफलता तो कैसे दूर रहती है। समझने वाले विवेकी ही इस–लेख से शायद सहमत हों, ऐसी मेरी आशा है

निवेदिका
एक बहन तुम्हारी

# कुछ पुराने सामान



एक दिन मेरे दिये हुये
सब सामान पुराने हो जायेंगे,
टूट जायेंगे या अब नहीं रह जायेंगे,
वैसे की तुम साथ लेकर चलो इसे।
किताबो की जिल्द उघड़ी होगी,
या काटा होगा चूहों ने कभी,
या हमारे रिश्तों की तरह,
वक्त की दीमक ने खाया होगा इसे ।
वो तारीख बताता कैलेंडर,
जिसमें एक तरफ लगी होती फोटो तुम्हारी,क्या
करते होगे उसका तुम बरस बीत जाने पर,
शायद फेंक देते होगे तुम,
हाँ कई सालों का इकट्ठा हुआ होगा,
मुझे तो आह निकलती,
मुझसे न फेंका जाता कभी ।
वो पुराना मोबाइल,
हाथ से छुट कर कई दफा गिरा होगा,
अब तो नहीं रखते होगे तुम साथ इसे,
बाजार में रोज दफा नया ही नया आता है,
उस समय भी वो नया सा था अपने
हिसाब से देखो न एक उम्र बीती है,
मैं भूल भी रहा कई चीजें,
बरसों हुए वो टेडी बियर तो मर गया
होगा शायद, पा गया होगा मुक्ति सब रिश्तों
से मैं भी उसी तरह खड़ा हूँ
सब पुराने सामानों की तरह,
दे दो मुक्ति सब बंधनों से,
की तेरे नाम सुनकर कोई स्मृतियाँ न
आये, तेरे चेहरे जैसी कोइ आकृति,
आँख बंद करने पर न बने,
पुराने हर सामान को जिस तरह तुमने
छोड़ा, वैसे ही दे दो मुक्ति हर रिश्तों से
मुझे । – सुजीत

# एसिडिटी और गैस की समस्या से राहत पाने के 5 घरेलू उपाय, जरूर आजमाएं

1. एक चम्मच अजवायन में चौथाई चम्मच नींबू का रस मिलाएं और इसे चाट लें। ऐसा करने से गैस में जल्द ही राहत मिलेगी।
2. अदरक के रस में थोड़ा–सा सेंधा नमक और भुना हुआ जीरा मिलाकर मिश्रण बनाएं और इसका सेवन करें। हो सके तो इस मिश्रण के ऊपर आधा ग्लास छाछ भी पीएं।



3. एक ग्लास गुनगुने दूध में 2 चम्मच एरंडी का तेल मिलाकर पीएं। ये गैस की समस्या में तुरंत राहत देगा।
4. चोकर सहित आटे की रोटी खाने से एसिडिटी और गैस मेंफायदा होता है।
5. एक ग्लास गन्ने का रस को गर्म करके उसमें थोड़ा सा नींबू का रस और सेंधा नमक डालें। अब इसे दिन में कम से कम 2 बार पीएं। ऐसा करने से भी एसिडिटी और गैस से राहत मिलती है।

–विवेकी

आपके मन की बात!
लिखें या अभिव्यक्त करें YouTube
विषय: ★ संविधान के उपयोग की संभावना और सार्थकता हमारे विकास के साथ!
★ वर्तमान मुद्दों ★ प्रजातन्त्र अर्थात् प्रत्येक नागरिक शासक है और उसकी जिम्मेदारी है कि अपने जनप्रतिनिधि सेवक का मार्गदर्शन, मूल्यांकन, दिशा निर्देश करें।
अपना नाम शहर व्हाट्सऐप 9219660359 पर भेजें
आर.आर. एडवरटाईजिंग सर्विसिस
श्रीकृष्ण भवन, 283, वैस्टर्न कचहरी रोड, मेरठ– 250001

इच्छाओं और जरूरतों का समाधान
हिन्दी साप्ताहिक श्रम शिखर CITY MEERUT CLASSIFIED
www. shramshikhar.in, shramshikhar@gmail.com



EDUCATION
शिक्षा कार्य- शिक्षा संबन्धित जानकारियों और विभिन्न कोर्सो के विज्ञापन हेतू आवश्यकता/उपलब्धता